# एमएनआईटी, प्रयागराज में विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) – VB-G RAM-G का शुभारंभ







मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), प्रयागराज परिसर में विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) – **VB-G RAM-G** का शुभारंभ माननीय उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश **श्री केशव प्रसाद मौर्य** जी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन एवं समग्र ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वी.के. सिंह, माननीय विधायक फूलपुर श्री दीपक पटेल, माननीय विधायक फाफामऊ श्री गुरु प्रसाद मौर्य, माननीय विधान परिषद सदस्य श्री सुरेन्द्र चौधरी, डॉ. के.पी. श्रीवास्तव, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्री संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान योजना की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि **VB-G RAM-G** का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, ग्राम पंचायतों के समग्र एवं सतत विकास को प्रोत्साहित करना, महिलाओं एवं युवाओं की आर्थिक भागीदारी को सशक्त बनाना तथा **विकसित भारत–2047** के संकल्प को साकार करने में योगदान देना है। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को **125 दिनों के रोजगार की गारंटी**, **₹300 प्रतिदिन मजदूरी**, **समयबद्ध भुगतान**, **आधुनिक तकनीक आधारित कार्य मॉनिटरिंग** तथा ग्राम पंचायतों के समग्र विकास पर विशेष बल दिया गया है। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर एवं समृद्ध गांवों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रयागराज जनपद को इस अवसर पर **आंध्र प्रदेश के तिरुपति जनपद स्थित मुक्कावरिपल्ली (Mukkavaripalli) ग्राम** से आयोजित **'विकसित भारत – गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना'** के राष्ट्रव्यापी शुभारंभ कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा गया। कार्यक्रम के दौरान प्रयागराज के एक लाभार्थी ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर योजना से संबंधित अपने अनुभव एवं अपेक्षाएँ साझा कीं।

इस कार्यक्रम के सफल एवं निर्बाध संचालन हेतु एनआईसी प्रयागराज जिला इकाई ने एनआईसी राज्य एवं मुख्यालय टीमों के समन्वय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करी।

## कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ
















**- एन0आई0सी0 प्रयागराज जिला इकाई टीम**

# Launch of Viksit Bharat – Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) (VB-G RAM-G) at MNNIT Prayagraj







The Viksit Bharat – Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) (VB-G RAM-G) was formally launched at the campus of Motilal Nehru National Institute of Technology (MNNIT), Prayagraj, in the august presence of the Hon'ble Deputy Chief Minister of Uttar Pradesh, Shri Keshav Prasad Maurya. The programme marked a significant milestone towards strengthening rural employment, sustainable livelihoods, and holistic village development.

The event was attended by Dr. V.K. Singh, Chairperson, Zila Panchayat, Prayagraj; Shri Deepak Patel, Hon'ble MLA, Phulpur; Shri Guru Prasad Maurya, Hon'ble MLA, Phaphamau; Shri Surendra Chaudhary, Hon'ble Member of the Legislative Council; Dr. K.P. Srivastava; Shri Sanjay Gupta, President, BJP Prayagraj Mahanagar; Smt. Nirmala Paswan, President, BJP Gangapar, along with other public representatives and senior government officials.

Addressing the gathering, the dignitaries highlighted the key objectives of the mission, which include expanding employment opportunities in rural areas, conserving natural resources, promoting comprehensive development of Gram Panchayats, enhancing the economic participation of women and youth, and contributing to the realization of the vision of Viksit Bharat–2047. The scheme guarantees 125 days of wage employment, provides daily wages of ₹300, ensures timely wage payments, incorporates technology-enabled work monitoring, and places special emphasis on the integrated development of Gram Panchayats. The initiative is expected to accelerate rural economic growth while fostering self-reliant and prosperous villages.

On this occasion, Prayagraj was connected through video conferencing with the nationwide launch of the Viksit Bharat – Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) held at Mukkavaripalli village in Tirupati district of Andhra Pradesh. During the programme, a beneficiary from Prayagraj interacted with the Hon'ble Union Minister of Agriculture & Farmers Welfare and Rural Development, Shri Shivraj Singh Chouhan, via video conferencing and shared his experiences and expectations regarding the scheme.

The NIC Prayagraj District Unit, in coordination with NIC State and Headquarters teams, provided videoconferencing and technical support to ensure the successful conduct and seamless execution of the event.

## Some Glimpses of the Event
















- **NIC Prayagraj District Unit Team**